**भारत सरकार**

**भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय**

**भारी उद्योग विभाग**

**राज्य सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 3222**

**जिसका उत्तर 23 अप्रैल, 2013 को दिया जाना है**

**लघु उद्योगों को मैसर्स इंस्ट्रूमेंटेशन लिमिटेड द्वारा भुगतान किया जाना**

**3222. श्री सालिम अन्सारी :**

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री दिनांक 19 मार्च, 2013 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न 2443 के दिए गए उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या मैसर्स इंस्ट्रूमेंटेशन लिमिटेड (आईएल) ने लघु उद्योगों को धनराशि का भुगतान कर दिया है;

(ख) यदि हां, तो 50 लाख रुपए या इससे ऊपर पूंजी वाले लघु उद्योगों को किए गए भुगतान का दिनांक 31 मार्च, 2013 की तिथि के अनुसार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार उचित अवधि के बाद भी भुगतान को रोके रखने वाले दोषी अधिकारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई करेगी; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री**

**(श्री प्रफुल पटेल)**

(क) और (ख) **:** जी नहीं।

(ग) और (घ) : कंपनी फिलहाल वित्तीय संकट में है और इसे अपने कर्मचारियों को वेतन/मजदूरी तथा सांविधिक देयताओं का समय पर भुगतान करने में भी कठिनाई हो रही है। तथापि, पर्याप्त निधि जुटाने के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं ताकि सभी लंबित देयताओं को पूरा किया जा सके। चूंकि पूंजी की भारी कमी के कारण कोई भुगतान नहीं किया गया है इसलिए इस प्रसंग में कंपनी के किसी भी अधिकारी के विरुद्ध कोई अनुशासनिक कार्रवाई अपेक्षित नहीं है।